## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस पर जेल से रिहा होंगे 6 बंदी: जेल मुख्यालय ने जारी की सूची

**सतना।** आगामी 26 जनवरी,गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर सतना केंद्रीय जेल में बंद 6 बंदियों को समय से पूर्व रिहा किया जाएगा। जेल मुख्यालय ने अच्छे आचरण और नियमों के आधार पर इन बंदियों की सूची फाइनल कर दी है। गणतंत्र दिवस के समारोह के दौरान इन्हें औपचारिकताएं पूरी कर आजाद किया जाएगा,जिससे वे मुख्यधारा में लौटकर अपना जीवन व्यतीत कर सकें।

### संगठन की शक्ति ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है!



**मैहर।** कटरा बाजार में मैहर नगर मण्डल के बूथ क्रमांक 128 एवं 129के वरिष्ठ व ऊर्जावान कार्यकर्ताओं के साथ विधायक श्री कांत चतुर्वेदी ने महत्वपूर्ण संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की एवं आपने कहा की मेरा सदैव यह निरंतर प्रयास रहता है कि बूथ स्तर के प्रत्येक कार्यकर्ता का जिला संगठन के साथ सीधा,सशक्त और जीवंत संवाद बना रहे। क्योंकि किसी भी संगठन की संरचनात्मक मजबूती और चुनावी विजय की असली नींव हमारे देवतुल्य कार्यकर्ताओं की मेहनत और बूथ स्तर की सक्रियता पर ही टिकी होती है।

### एक ही परिवार के 12 सदस्यों ने लिया देहदान का संकल्प

**सतना।** भारतीय इतिहास और समाज सेवा के क्षेत्र में सतना के तरुण ठक्कर परिवार ने एक अनूठा उदाहरण पेश किया है। 'अमर ज्योति' संस्था की प्रेरणा से परिवार के 12 सदस्यों ने एक साथ देहदान करने का सामूहिक संकल्प लिया है। इस सराहनीय कदम की प्रशंसा करते हुए अमर ज्योति परिवार,सतना ने ठक्कर परिवार का आभार व्यक्त किया है। संस्था ने उनके इस निर्णय को समाज के लिए एक अद्वितीय प्रेरणा बताते हुए सभी सदस्यों की दीर्घायु की कामना की है।

### अमाड़ी प्राथमिक स्कूल से सामग्री ले गये बदमाश

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम अमाड़ी स्थित प्राथमिक शाला में चोरों ने रसोई घर से गैस सिलेंडर और राशन सहित अन्य सामान पार कर दिया है। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चोरी की यह घटना 13 से 15 जनवरी के मध्य की है। चोरों ने प्राथमिक शाला के किचिन सेट का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और वहां रखा सामान समेट ले गए। स्कूल की प्रधानपाठिका श्रीमती राधा रैदास की रिपोर्ट के अनुसार चोरों ने 01 गैस सिलेंडर,मध्याह्न भोजन के लिए रखा अनाज, रसोई के बर्तन आदि चोरी कर लिया जिनसी कीमत 6,375 रुपये आंकी गई है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 331(4) एवं 305(ए) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### सस्ता सीमेंट का झांसा देकर लाखों की ठगी

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली न्यू एसीसी कॉलोनी में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है।

# कहीं सीने में उतारी गोली, तो कहीं चाकुओं से गोदा



**सतना।** विंध्य का यह प्रमुख शहर अब शांति के लिए नहीं,बल्कि सरेराह खून-खराबे के लिए पहचाना जाने लगा है।रविवार की रात सतना जिले में कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ गईं। महज कुछ मिनटों के अंतराल में दो अलग-अलग इलाकों में खूनी संघर्ष हुआ,जिसमें कहीं दुकानदार को गोली मार दी गई तो कहीं युवकों पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला किया गया।



### जैतवारा में सामान देने से मना किया,तो सीने में मार दी गोली

पहली सनसनीखेज वारदात जैतवारा कस्बे के विजय चौक की है। यहाँ रात 11 बजे आशुतोष नामदेव अपनी किराना दुकान बढ़ाकर (बंद कर) घर जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी इलाके का बदमाश किशन शीतलानी वहां पहुंचा और बंद दुकान खुलवाकर सामान मांगने लगा। आशुतोष ने जब नियम और समय का हवाला देकर मना किया,तो सनकी आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी।विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने कट्टा



निकालकर सीधे आशुतोष के सीने में गोली दाग दी। गोली सीने के दाहिनी ओर जा फंसी है। गंभीर हालत में घायल को जबलपुर रेफर किया गया है,जहाँ वह जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है।

### पन्नीलाल चौक में गाली देने से रोका तो पेट में घोंपा चाकू

शहर के सबसे व्यस्ततम इलाके पन्नीलाल चौक में भी अपराधियों का दुस्साहस देखने को मिला। यहाँ विक्की वर्मा और उसके साथी शिवांश पर तीन बदमाशों ने चाकुओं से जानलेवा हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि विक्की ने आरोपियों को सरेराह गाली देने से मना किया था,जो अपराधियों को नागवार गुजरा। बदमाशों ने विक्की के पेट में चाकू घोंप दिया और बीच-बचाव करने आए शिवांश को भी जख्मी कर दिया।सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### आरोपियों का पुलिस ने निकाला जुलूस

पुलिस ने आरोपियों का उसी इलाके में हथकड़ी लगाकर जुलूस निकाला,ताकि अपराधियों के मन में कानून का खौफ पैदा हो सके। ये दोनों घटनाएं चीख-चीख कर कह रही हैं कि अपराधियों के मन से पुलिस का डर पूरी तरह खत्म हो चुका है।क्या अब सतना में मामूली बात पर टोकना या दुकान बंद करना मौत को दावत देना है? जैतवारा में गोलीकांड को अंजाम देकर आरोपी फरार है,वहीं शहर के बीचों-बीच चाकूबाजी की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

# घर से सब्जी लेने निकली नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म

### 2 दोस्त सहित 1 गिरफ्तार, 2 मुख्य आरोपी फरार

**मैहर।** कानून-व्यवस्था को चुनौती देते हुए अपराधियों ने एक नाबालिग छात्रा को अपनी हवस का शिकार बनाया है। बताया जा रहा है कि घर से सब्जी लेने निकली 14 वर्षीय किशोरी के साथ पहाड़ी इलाके में सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता के दोस्तों सहित तीन संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है जब कि दो अन्य आरोपियों की सरगर्मी से तलाश जारी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार,पीड़िता शनिवार शाम को अपने घर से सब्जी खरीदने के लिए निकली थी। रास्ते में उसे उसके दो परिचित दोस्त मिले जो उसे बाइक पर बैठाकर पास की पहाड़ी पर घुमाने ले गए। मंदिर के पास समय बिताने के बाद जब तीनों वापस लौट रहे थे तभी रास्ते में एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने पहाड़ी के सूनसान रास्ते पर नाबालिग के साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं जब साथ मौजूद दोस्तों ने इसका विरोध किया,तो आरोपियों ने उन्हें पकड़कर उनके साथ मारपीट की। इसके बाद एक आरोपी किशोरी को जबरन पहाड़ी के पीछे ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बताया जा रहा है कि दरिंदों ने इस घिनौनी करतूत का वीडियो भी बनाया है। इसी दौरान वहां से गुजर रहे कुछ ग्रामीणों की नजर उन पर पड़ी जा शोर मचने और ग्रामीणों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए।ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीड़िता को रेस्क्यू किया और परिजनों को सूचित किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कुल 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़िता के साथ गए दो दोस्त और एक अन्य आरोपी सहित कुल 3 लोग पुलिस की गिरफ्त में हैं। घटना में शामिल शेष 2 मुख्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे और मामले में कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### पन्नी लाल चौक में मैचिंग प्वाइंट दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**सतना।** शहर के व्यस्ततम इलाके पन्नीलाल चौक के पास स्थित 'मैचिंग प्वाइंट' दुकान में शॉर्ट सर्किट की वजह से अचानक आग लग गई। दुकान संचालक की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। आग लगते ही संचालक ने तुरंत मेन स्विच बंद किया और दुकान में मौजूद फायर सेफ्टी इक्विपमेंट (अग्निशमन यंत्र) का उपयोग कर आग पर काबू पा लिया। समय रहते की गई इस कार्रवाई से जन-धन की बड़ी हानि होने से बच गई।



# खाद लेने कड़ाके की ठंड में आधी रात से कतारों में खड़े रहे किसान

**प्रभात द्विवेदी ने मौके पर कटिया सोसायटी पहुंचकर उठाए सवाल, सरकार से संकट को गंभीरता से लेने की मांग**

**मैहर।** रबी फसलों के लिए आवश्यक उर्वरक खाद की भारी किल्लत से मैहर क्षेत्र के किसान बुरी तरह परेशान हैं। माघ माह की कड़ाके की ठंड के बीच किसान आधी रात से ही खाद पाने की आस में कटिया सहकारी समिति परिसर में लंबी कतारों में खड़े नजर आए।

सुबह होते-होते स्थिति और भी गंभीर हो गई,जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त हो गया।खाद संकट की जानकारी मिलते ही कांग्रेस नेता प्रभात द्विवेदी किसानों के बीच पहुंचे और मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। उन्होंने किसानों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं और वर्तमान व्यवस्था को पूरी तरह अव्यवस्थित करार दिया।

### ई-टोकन व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

किसानों ने उर्वरक वितरण की ई-टोकन प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए। किसानों का कहना है कि ऑनलाइन टोकन मिलने के बावजूद खाद समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रही है। कई किसानों को टोकन तो मिल जाता है,लेकिन स्टॉक खत्म होने का हवाला देकर उन्हें वापस लौटा दिया जाता है। कई बार सर्वर डाउन होने से टोकन नहीं निकल पाता। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की समस्या बनी रहती है टोकन व्यवस्था में पारदर्शिता का अभाव है छोटे और सीमांत किसानों को बार-बार वंचित होना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि खाद पाने के लिए उन्हें रात 12 बजे से ही लाइन में लगना पड़ रहा है। ठंड के बावजूद बुजुर्ग किसान,महिलाएं और युवा पूरी रात खुले आसमान के नीचे बैठे रहे,लेकिन सुबह तक कई किसानों को खाद नहीं मिल सकी।

### कागजों में खाद उपलब्ध है

इस मौके पर कांग्रेस नेता प्रभात द्विवेदी ने कहा कि सरकार कागजों में खाद उपलब्ध होने का दावा कर रही है,लेकिन हकीकत यह है कि किसान रात-रात भर लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं। यह प्रशासनिक विफलता नहीं बल्कि सरकार की उदासीनता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि फसल के सबसे महत्वपूर्ण समय में खाद की कमी किसानों की कमर तोड़ रही है। यदि समय पर उर्वरक नहीं मिला तो फसलों पर सीधा असर पड़ेगा,जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। प्रभात द्विवेदी ने प्रशासन से मांग की कि सहकारी समितियों में पर्याप्त खाद की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ई-टोकन व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाया जाए। किसानों के लिए अलग-अलग काउंटर की व्यवस्था हो,बुजुर्ग एवं छोटे किसानों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही खाद संकट का समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ मिलकर आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

### किसानों में बढ़ता रोष

खाद संकट को लेकर किसानों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। किसानों का कहना है कि एक ओर लागत लगातार बढ़ रही है,वहीं दूसरी ओर खाद जैसी मूलभूत जरूरत के लिए उन्हें अपमानजनक हालात झेलने पड़ रहे हैं। क्षेत्र के किसानों ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर खाद की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

# 25 लाख के निर्माण कार्यों की रखी गई आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही जल निकासी समस्या के समाधान हेतु लगभग 25 लाख 8 हज़ार रुपये की लागत से विभिन्न स्थानों पर बनने वाली सीसी नाली निर्माण का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर की प्रथम नागरिक महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं क्षेत्रीय पार्षद सीमा अरविंद श्रीवास्तव की गरिमामय उपस्थिति में सीसी नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस दौरान नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सदस्य, पार्षदगण अन्य जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा पूजा-अर्चना कर विकास कार्य की औपचारिक शुरुआत की गई। कार्यक्रम स्थल पर वार्डवासियों में विशेष उत्साह एवं सकारात्मक माहौल देखने को मिला। नागरिकों ने लंबे समय से चली आ रही जलभराव और गंदगी की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जताते हुए नगर निगम द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की।

इस दौरान महापौर ने नागरिकों से संवाद करते हुए भरोसा दिलाया कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था सुदृढ़ होने के साथ-साथ स्वच्छता और जनसुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा।

# संकल्प से समाधान अभियान के आवेदन पोर्टल में फीड करें-कलेक्टर

### समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में समीक्षा

**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान के प्रथम चरण में सभी ग्राम पंचायत एवं नगरीय वार्ड में स्थानीय आमजन के समस्याओं के आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। संबंधित जनपद पंचायत के सीईओ और सीएमओ प्रतिदिन विभागों के माध्यम से आवेदनों की फीडिंग पोर्टल पर करवायें। सोमवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा की। इस मौके पर अपर कलेक्टर विकास सिंह,सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम महिपाल सिंह,जीतेन्द्र वर्मा,बी.के. मिश्रा,सुमेश द्विवेदी सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।सोमवार को संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में अंतरविभागीय समन्वय के मुद्दों पर सतना-पन्ना रेलखण्ड,रीवा-सतना रेल्वे लाइन दोहरीकरण,नर्मदा घाटी विकास,जल



संसाधन,जल निगम,पावर ट्रांसमिशन,राष्ट्रीय राजमार्ग,पीआईयू के निर्माण और विकास कार्यो के संबंध में चर्चा की गई। संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों और नगरीय निकायों में चल रही गतिविधियों की मानीटरिंग कर एसडीएम लीड करें।आयुष्मान कार्ड बनाने की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं और रोजगार सहायकों के सहयोग से कार्ड बनाने की गति बढ़ाये। आयुष्मान कार्ड तैयार करने में संबंधित को इन्टेन्सिव का भी प्रावधान है। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि ग्रेडिंग 20 जनवरी को फ्रीज होगी। आज और कल तक संतुष्टिपूर्ण निराकरण का प्रतिशत बढ़ाये। सी ग्रेड में शामिल विभाग ए और बी श्रेणी में आने का प्रयास करें। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि हाईस्कूल,हायर सेकेण्डरी स्कूल के रिजल्ट में सुधार लाने एकस्ट्रा क्लास लगवाये।

### रामवन मेले का प्रस्ताव भेजे

समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में एसडीएम रामपुर बघेलान बी.के. मिश्रा ने कहा कि प्रति वर्ष के अनुसार रामवन में 23 से 27 जनवरी तक पांच दिवसीय बसन्तोत्सव मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को मेले में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने कहा कि रामवन मेले को सांस्कृतिक कैलेण्डर में शामिल करने और मेला प्राधिकरण से जोड़ने रामवन के मेले का निर्धारित प्रारूप में प्रस्ताव संस्कृति विभाग को भेजा जाये।

# अनियंत्रित होकर पलटी लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली, चपेट में आने से युवती घायल





**सतना।** शहर के सीताराम पेट्रोल पंप के पास आज एक बड़ा हादसा होते-होते बचा।लकड़ी से ओवरलोड एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस हादसे के दौरान पास ही खड़ी एक युवती ट्रॉली की चपेट में आ गई,जिससे वह घायल हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,ट्रैक्टर-ट्रॉली लकड़ी से पूरी तरह लदी हुई थी। सीताराम पेट्रोल पंप के समीप चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली बीच सड़क पर ही पलट गई। जिस वक्त हादसा हुआ,एक युवती वहीं पास में खड़ी थी। ट्रॉली पलटने से वह उसकी चपेट में आ गई और उसे चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवती को संभाला और तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। लकड़ी के सड़क पर बिखरने और ट्रैक्टर के पलटने से कुछ देर के लिए आवागमन में बाधा उत्पन्न हुई। फिलहाल युवती का अस्पताल में इलाज जारी है।

# यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने छात्राओं ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में यातायात नियमों की जागरूकता हेतु एक अनूठा अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान का नेतृत्व कटनी थाना प्रभारी राहुल पांडे, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना मिश्रा, डॉ. प्रतिमा सिंह, श्रीमती रिचा दुबे, एनसीसी केयरटेकर सुश्री मिथिलेश्वरी तथा डॉ. सोनिया कश्यप ने किया। कार्यक्रम से पहले प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने छात्राओं को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उन्हें प्रभावी संवाद के तरीके बताए तथा जन-सामान्य तक संदेश पहुंचाने की विधि पर चर्चा की। यह जागरूकता अभियान बिलहरी चौराहे पर आयोजित किया गया। यहां महाविद्यालय की छात्राओं ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर नियमों का पालन करने वाले नागरिकों की तालियां बजाकर प्रशंसा की और उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही, बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के वाहन चला रहे लोगों से विनम्रतापूर्वक अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने तथा सीट बेल्ट बांधने का आग्रह किया गया।

# मैहर जिले में ओवर लोड वाहनों ने कर दी सड़क की दुर्दशा

**ओवर लोड वाहनों पर बड़ी कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किए गए**

**मैहर।** मैहर यातायात प्रभारी विक्रम पाठक द्वारा एक संदेश दिया गया ओवर लोड वाहनों को एवं शहरों में भीमकाय ओवर लोड हाईवा यमदूत बनकर दौड़ रहे हैं। इन ओवर लोड वाहनों को मैहर यातायात प्रभारी एवं उनकी टीम के द्वारा मैहर भदनपुर रोड पर चेकिंग कार्यवाही करते हुए ओवर लोड वाहनों को बड़ी कार्यवाही करते हुए अच्छा सबक दिया गया।ओवरलोड वाहनों को यातायात पुलिस मैहर द्वारा कुछ दिन पहले की गयी चेकिग ओवरलोड की कार्यवाही दोनों वाहन जिसके मालिक नईम अहमद कैमोर वाले हैं जब कि लाइम स्टोन संजय बेरी की कंपनी सेन्डरसन ग्रुप की हैं। यह लाइम स्टोन बिरला कंपनी में जा रही थी। ये लाइम स्टोन जिन ट्रको में लोड थी वो 12 चका हाईवा हैं जिसकी भार क्षमता गाड़ी के साथ 35 टन हैं जबकि यातायात पुलिस द्वारा कांटा कराने पर 60 टन निकला जो 25-25 टन ओवर निकला हैं जिसे प्रकरण बना कर यातायात पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय मैहर में पेश किया गया जहां से प्रकरण माननीय न्यायालय सीजेएम सतना को ट्रांसफर कर दिया गया हैं। इस प्रकरण में सूत्र बताते हैं की यातायात पुलिस ने माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए दोनों कंपनी को धारा 199 एमव्ही एक्ट के तहत आरोपी बनाया। अब इसमें अंतिम फैसला माननीय न्यायालय का होगा। ये दोनों ओवर लोड हाईवा लगभग सात दिनों से मैहर थाना में खडें है।ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे और मामले में कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# सकरिया ककरहटी रोड़ अमचुई मोड के पास पोर्टी पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर जिसमे एक की मौके पर ही मौत 3 घायल



**पन्ना।** सोमवार सुबह लगभग 10 बजे सकरिया-ककरहटी मार्ग पर अमचुई मोड़ के पास एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। तेज रफ्तार पोर्टी पिकअप वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो ओर एक बच्चा भी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनिरुद्ध कुशवाहा (42 वर्ष) पिता नंदन कुशवाहा, निवासी देवरी गढ़ी, अपने परिवार के साथ बाइक से पन्ना दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान सकरिया की ओर से ककरहटी जा रही पोर्टी पिकअप ने अमचुई मोड़ के पास सामने से टक्कर मार दी। हादसे में अनिरुद्ध कुशवाहा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल जिला चिकित्सालय पन्ना पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। सूचना मिलते ही ककरहटी चौकी पुलिस और 112 में पदस्थ केपी सिंह यादव ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर पिकअप वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### सलेहा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**पन्ना।** वन स्टॉप सेंटर पन्ना के तत्वाधान में सोमवार को शासकीय उ.मा. विद्यालय सलेहा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सखी केन्द्र के जरिए मिलने वाली सेवाओं तथा विभागीय योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं विद्यालय प्राचार्य हरिराम शर्मा के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर सेंटर प्रशासक कविता पाण्डेय एवं आउटरीच वर्कर दिवाकर चौबे द्वारा छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण एवं उपयोगी, सारगर्भित विभिन्न जानकारी व योजनाओं एवं हेल्पलाइन नंबर्स के बारे में अवगत करवाया गया। साइबर क्राइम से बचाव, बेटी बचाव-बेटी पढ़ाओ अभियान, बाल विवाह के नुकसान एवं इसकी रोकथाम इत्यादि के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। प्रश्नोत्तरी श्रृंखला में जिज्ञासाओं का समाधान कर पुरूस्कार भी वितरित किए गए। इस दौरान प्रधान आरक्षक विपिन पाण्डेय एवं महिला आरक्षक प्रियंका सिंह सहित समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### श्रीमति राजा बाई लोधी का निधन



**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम माखनपुर निवासी उद्री प्रसाद बैध जी की धर्मपत्नी राजा बाई लोधी ने 18 जनवरी 2026, रविवार को शाम 8रू45 बजे 82 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। अंतिम संस्कार ग्रह ग्राम माखनपुर में आज दिनांक 19 जनवरी 2026 को किया गया। स्वर्गीय राजा बाई लोधी, उद्री प्रसाद बैध जी माखनपुर की धर्मपत्नी थीं। वे दादू राम आचार्य जी तथा डॉ. ओम प्रकाश सिंगरौल की पूज्य माता थीं। माता जी सरल स्वभाव, धार्मिक प्रवृत्ति एवं परिवार के प्रति समर्पण के लिए जानी जाती थीं। उनके निधन से परिवारजनों, रिश्तेदारों एवं इष्ट-मित्रों को अपूरणीय क्षति हुई है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## अमानगंज में धार्मिक श्रद्धा के साथ निकली विशाल कलश यात्रा, हुआ ध्वज स्थापना कार्यक्रम




**अमानगंज।** सर्व हिंदू सकल समाज के तत्वावधान में सोमवार को अमानगंज नगर में धार्मिक उल्लास के साथ विशाल कलश यात्रा एवं ध्वज स्थापना कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर धर्मलाभ अर्जित किया। कलश यात्रा का शुभारंभ दोपहर दो बजे ज्वाला माता मंदिर से हुआ। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं के सिर पर कलश, हाथों में ध्वज और जयघोष के साथ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई वार्ड नंबर 3 स्थित मंगल भवन पहुंची। यात्रा के दौरान पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। मंगल भवन पहुंचने पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत ध्वज स्थापना की गई। इसके पश्चात पूजा-पाठ एवं यज्ञ जैसे पवित्र अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक एकता को बल मिलता है। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

## भव्य कलश यात्रा के साथ हुई श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्री राम कथा प्रारंभ

**पवई।** इन दिनों पवई नगर सहित पूरे क्षेत्र में धार्मिक कार्यक्रम शिव पूजन,सुंदर कांड और श्रीमद भगवत कथा ज्ञान यज्ञ सहित आदि के आयोजनों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। इसी कड़ी में जगत जननी माता कलेही और भाटेश्वर सरकार की कृपा से अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता पुरुषोत्तम पीठाधीश्वर स्वामी श्री 1008 श्री प्रमोद बिहारी दास जी महाराज खजुरी ताल बरा आश्रम के तत्वाधान में नगर एवं क्षेत्र वासियों के सहयोग से नगर की पवित्र पतने नदी के किनारे स्थित माता देवी मंदिर परिसर में विशाल श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्री राम कथा का आयोजन हो रहा है। सोमवार को नगर के स्थानीय जगदीश स्वामी मंदिर से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई,जो गांधी चौक, झंडा बाजार, कन्या शाला से होते हुए माता कलेही देवी मंदिर परिसर में विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ बैठकी हुई। कलश यात्रा में राम दरबार की झांकी ने सभी देखने बालों का मन मोह लिया। कलश यात्रा की जगह जगह पूजा आरती पुष्प वर्षा के साथ की गई। इस दौरान हजारों की संख्या में धर्म प्रेमी मौजूद रहे।



## श्याम परिवार शाखा अमानगंज द्वारा हिनोति खेल ग्राउंड में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन, 17 लोगों ने किया रक्तदान



**अमानगंज।** श्याम परिवार शाखा अमानगंज द्वारा नगर के हिनौती खेल ग्राउंड में सोमवार दोपहर 1 बजे रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर जितेंद्र रेले के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया गया, जिसमें नगर के श्रद्धालु एवं समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। शिविर में कुल 17 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आयोजन नगर के व्यापारी पीयूष गोयल के मार्गदर्शन में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। रक्तदान करने वालों में श्याम प्रेमियों की विशेष सहभागिता रही। रक्तदान करने वालों में मोहित गोस्वामी पीयूष गोयल, विनय तिवारी, तरुण नीखरा, शैलेंद्र रेले, रोहित गोस्वामी, मोनू विश्वकर्मा, काशी विवेक सेन, बलराम महतेले, जय शंकर रेले, श्रीराम तिवारी, शिवम तिवारी, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, सत्यम रावत (सोनू), आशीष सेन (आशु), जितेंद्र सिंह परमार एवं हरेंद्र मिश्रा शामिल रहे। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान महादान है और इस प्रकार के आयोजनों से समाज में सेवा एवं सहयोग की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने श्याम परिवार की इस पहल की सराहना की।

## जनसंवाद में सड़क निर्माण को लेकर मिला भरोसा, वर्षों पुरानी समस्या के समाधान की उम्मीद जगी



**पवई।** पवई जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्ली में जनपद अध्यक्ष मोहनी आनंद मिश्रा एवं एसडीएम समीक्षा जैन द्वारा ग्राम में पहुंचकर जनसंवाद आयोजित किया गया। जनसंवाद का मुख्य उद्देश्य मर्दा एवं पौसरा गांवों में वर्षों से चली आ रही सड़क समस्या का समाधान तलाशना रहा। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष अपनी पीड़ा खुलकर रखी। ग्रामीणों ने बताया कि आज़ादी के कई वर्षों बाद भी मर्दा और पौसरा गांवों को जोड़ने के लिए पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। सड़क नहीं होने के कारण बारिश के मौसम में गांव का संपर्क पूरी तरह टूट जाता है। बीमारों को अस्पताल ले जाने, बच्चों को स्कूल पहुंचाने और किसानों को अपनी उपज मंडी तक ले जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र की सबसे गंभीर समस्या बताया। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इसी सड़क की मांग को लेकर वे पूर्व में विधानसभा चुनाव का बहिष्कार तक कर चुके हैं। सड़क निर्माण की अनदेखी से नाराज ग्रामीणों ने लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जताते हुए मतदान नहीं किया था, ताकि शासन-प्रशासन तक अपनी आवाज पहुंचाई जा सके। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया, जिससे ग्रामीणों में गहरी नाराजगी बनी रही। सोमवार को जनपद अध्यक्ष एवं एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया, उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान को लेकर सभी के सुझाव लिए। इस दौरान तिल्ली एवं उर्दानी गांव के किसानों ने सकारात्मक पहल करते हुए कहा कि वे मर्दा गांव तक सड़क निर्माण के लिए अपनी निजी भूमि देने को तैयार हैं। वहीं किसानों ने यह भी अपेक्षा जताई कि मर्दा ग्राम के किसान पौसरा गांव की सड़क निर्माण हेतु अपनी निजी भूमि उपलब्ध कराएं। ग्रामीणों एवं किसानों ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि सड़क निर्माण में निजी भूमि का उपयोग किया जाता है तो प्रशासन द्वारा भूमि का उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए, ताकि किसी भी किसान को आर्थिक नुकसान न हो। इस पर जनपद अध्यक्ष मोहनी आनंद मिश्रा एवं एसडीएम समीक्षा जैन ने भरोसा दिलाया कि सड़क निर्माण की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। आवश्यक सर्वे एवं शासन स्तर की प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने के प्रयास किए जाएंगे।




## अजयगढ़ में ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पन्ना।** जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान कार्यक्रम का ब्लॉक स्तरीय आयोजन सोमवार को अजयगढ़ जनपद पंचायत के सभागार में संभाग समन्वयक दिनेश उमरैया के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष सीता गुप्ता द्वारा की गई, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में मास्टर ट्रेनर सीता चतुर्वेदी, राम पाठक, थाना प्रभारी बखत सिंह, राम शिरोमणि अग्निहोत्री, मिलिंद शर्मा एवं जयराम पाठक उपस्थित रहे। संभाग समन्वयक ने समस्त उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान बहुत ही उपयोगी एवं महत्वपूर्ण है। इस अभियान की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जयंती से की गई। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि हमें अपने मन को नियंत्रित करना है एवं अपनी सोच को हमेशा सकारात्मक बनाते हुए समाज में आगे बढ़ाना है, तभी हमारा एवं हमारे गांव का तथा हमारे देश का विकास होगा। थाना प्रभारी अजयगढ़ ने कहा कि हमारे अंदर प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। हमें सिर्फ उन्हें निखारने की आवश्यकता है। आज आधुनिकीकरण के युग में हम अपने समस्त संस्कार, रहन-सहन, आचार व विचार बदल रहे हैं, जिससे हमारा समाज एक विपरीत दिशा में जा रहा है। हम कुछ भी बन जाएं। हमें अपने संस्कार आदर्श नहीं भूलने चाहिए। उन्होंने बताया कि आज समाज का अधिकांश व्यक्ति कई प्रकार के नशे की चपेट में है। इसमें बदलाव लाना आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार साझा किए। जिला समन्वयक अनीता जाटव द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर सामूहिक रूप से स्वदेशी रैली भी निकाली गई। संपूर्ण कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक क्षमा खरे की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम में सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।



## प्रभावशाली व्यक्तित्व और मधुर स्वभाव - बहन जी

### विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया ब्रह्मा बाबा का 57 व स्मृति दिवस भक्ति भावना और नियम के पक्के थे ब्रह्मा बाबा

**पन्ना।** कार्यक्रम का आरंभ प्रातः काल से ही योग एवं मौन साधना के द्वारा आरंभ हुआ जिसमें बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी से जुड़े हुए भाई बहनों ने सामूहिक रूप से योग साधना की, एवं ब्रह्मा बाबा के बताए हुए आदर्श पर चलने का लिया संकल्प, ब्रह्माकुमारी बहन जी ने ब्रह्मा बाबा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाबा का जीवन बहुत सात्विक एवं दिव्य गुण मूरत था, भक्ति भावना और नियम के पक्के थे, सिंध हैदराबाद में जन्मे दादा लेखराज का जन्म 15 दिसंबर 1876 को एक साधारण परिवार में हुआ दादा लेखराज अपनी विशेष बौद्धिक प्रतिभा, व्यापारिक कुशलता,व्यावहारिक शिष्टता,अथक परिश्रम सरल स्वभाव के बल पर सफल प्रसिद्ध जवाहरी बने बाबा में बचपन से ही भक्ति भाव के संस्कार थे विपुल धन संपदा और मान प्रतिष्ठा पाकर भी उनके स्वभाव में नम्रता मधुरता और परोपकार की भावना बनी रहे उन्हें परम सत्य की तलाश थी अचानक एक दिन सन-1936 में जब उन्हें ज्योति स्वरूप परमात्मा शिव का दिव्य साक्षात्कार हुआ, उनमें दिव्य परिवर्तन आया जब परमात्मा शिव की उनके तन में प्रवेशता हुई तो उन्होंने अपना सब कुछ तन, मन, धन विश्व कल्याण के लिए समर्पित कर दिया दादा के मुख्य द्वारा परमात्मा शिव ने बताया कि सभी दुखों एवं समस्याओं का मूल कारण देह अभियान एवं मनोविकार काम, क्रोध,लोभ मोह, अहंकार आलस्य इन पर विजय पाना जरूरी है इन विकारों के त्याग से ही सृष्टि पुनः सतयुगी दुनिया (रामराज्य) बनेगी सन-1969 में 18 जनवरी को पिता श्री ब्रह्मा बाबा ने दैहिक कलेवर का परित्याग कर संपूर्णता को प्राप्त किया उनके अव्यक्त सहयोग से ईश्वरीय सेवा मे पहले से और अधिक विस्तार हुआ विश्व भर में आज 140 देश में फैल चुकी है सूक्ष्म रूप में आज भी बाबा हर बच्चे को अपने साथ का अनुभव कराते हुए कदम-कदम पर सहयोग स्नेह प्रेरणा प्रदान कर रहे हैं।

## पन्ना पुलिस द्वारा 1 फरार स्थाई वारंटी को किया गया गिरफ्तार

### वांछित आरोपी देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र के धोखाधड़ी (छ.। एक्ट) के प्रकरण में था लंबे समय से फरार



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में जिले में फरार एवं दीर्घकाल से लंबित स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु सतत, प्रभावी एवं सुनियोजित अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में माननीय न्यायालयों से जारी स्थाई वारंटों के त्वरित पालन हेतु समस्त थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में थाना देवेन्द्रनगर पुलिस द्वारा माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, पन्ना के आदेश का पालन करते हुए एक महत्वपूर्ण स्थाई वारंटी आरोपी की गिरफ्तारी की गई है। माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट पन्ना के न्यायालय द्वारा प्रकरण क्रमांक 147/19 में आरोपी योगेश यादव पिता राममिलन यादव, निवासी बस्ती, थाना देवेन्द्रनगर के विरुद्ध छ.। एक्ट की धारा 138 के अंतर्गत स्थाई वारंट जारी किया गया था। आरोपी उपरोक्त प्रकरण में विगत लगभग 02 वर्षों से फरार होकर न्यायालयीन कार्यवाही से बच रहा था। थाना देवेन्द्रनगर पुलिस द्वारा आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी। इसी दौरान विश्वसनीय मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के संभावित ठिकाने पर दबिश दी। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी योगेश यादव को देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र से अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी को नियमानुसार अभिरक्षा में लेकर थाना देवेन्द्रनगर लाया गया, जहां आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करने के पश्चात उसे माननीय न्यायालय पन्ना के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजे जाने के आदेश पारित किए गए। सराहनीय योगदानरू उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर उनि. संतोष यादव, प्र.आर. सतेन्द्र बागरी, आर. ब्रजेन्द्र रैकवार,दिनेश, मृगेन्द्र का सराहनीय योगदान रहा।

## राजा दहार मंदिर में चोरी के लगभग 21 दिन बाद भी अंधेरे में जांच

### अब देखना यह होगा कि नवागात थाना प्रभारी देवेंद्रनगर राजा दहार मंदिर की चोरी का खुलासा कब तक कर पाएंगे भगवान के आभूषण और 2 लाख के लगभग नकद ले गए थे चोर




**देवेंद्रनगर।** राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पर स्थित क्षेत्र के आस्था केंद्र सिद्ध स्थल राजा दहार हनुमान मंदिर में हुई बड़ी चोरी को लगभग 21दिन बीत चुके हैं, लेकिन देवेंद्रनगर पुलिस अब तक एक भी ठोस सुराग नहीं जुटा सकी है। भगवान के गर्भगृह का ताला तोड़कर चोर दान पेटी में रखे लगभग 2 लाख रुपए नकद और करीब 2 किलो से अधिक सोने-चांदी के कीमती आभूषण ले उड़े,थे परंतु जांच आज भी अंधेरे में भटकती नजर आ रही है।घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने जांच के दावे तो किए, लेकिन न किसी आरोपी की गिरफ्तारी हुई, न ही चोरी गया माल बरामद किया जा सका। इससे श्रद्धालुओं में गहरा आक्रोश व्याप्त है 'और लोग पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि जिस मंदिर की आस्था पर सीधा हमला हुआ, वही मंदिर समिति अब तक खामोश बनी हुई है। न कोई सार्वजनिक बयान, न कोई आंदोलन, न ही सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई ठोस पहलकृमंदिर समिति की यह चुप्पी अब संदेह के घेरे में आ गई है।' स्थानीय श्रद्धालुओं का कहना है कि मंदिर जैसे पवित्र स्थल में इस तरह की वारदात सुरक्षा व्यवस्था की घोर विफलता को उजागर करती है। लोगों का साफ कहना है कि जब भगवान का घर सुरक्षित नहीं है, तो आम नागरिक की सुरक्षा कैसे मानी जाए? घटना ने न केवल श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत किया है, बल्कि देवेंद्रनगर पुलिस की सक्रियता पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। 21 दिन बीत जाने के बाद भी खाली हाथ पुलिस यह सोचने पर मजबूर करती है कि कहीं यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दबा तो नहीं दिया जाएगा। अब पूरे क्षेत्र की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या पुलिस इस सनसनीखेज चोरी का खुलासा कर पाएगी,या फिर आस्था पर हुआ यह हमला यूं ही भुला दिया जाएगा।

**पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में आमसूचना**

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के प्रावधानों के अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA), भोपाल द्वारा ई. आई. ए. अधिसूचना, 2006 के अधीन मेसर्स जे. के. सीमेंट लिमिटेड की आवासीय कॉलोनी निर्माण परियोजना 14 हेक्टेयर प्लॉट क्षेत्र एवं 34,050 वर्ग मीटर निर्मित क्षेत्र ग्राम सोतीपुरा एवं हरदुआकेन, तहसील अमानगंज, जिला पन्ना (म.प्र.) को पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह विज्ञापन आम जनता को सूचनार्थ है। पर्यावरणीय स्वीकृति File No. P2/1316/2025 एवं EC ID No. EC25C3801MP5670992N, दिनांक 16/01/2026 की प्रति आदेश की प्रति मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अरेरा कॉलोनी पर्यारणीय परिसर, भोपाल और मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA), भोपाल की वेबसाइट www.mpseiaa.nic.in पर भी उपलब्ध है।

**परियोजना प्राधिकारी**
**मेसर्स जेके सीमेंट लिमिटेड**

## खबर संक्षेप



### बैलगाड़ी अवैध लकड़ी जप्त, 5 आरोपी पकड़े

छतरपुर। वन मंडल अंतर्गत बिजावर वन परिक्षेत्र की मोतीगढ़ बीट में बीते दिन वन विभाग द्वारा अवैध लकड़ी कटान एवं परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई। ईंट-भट्टों के संचालन हेतु वन क्षेत्र से अवैध रूप से लकड़ी काटकर परिवहन किए जाने की सूचना विभाग को मुखबिर के माध्यम से प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर मुख्य वन संरक्षक एवं वन मंडलाधिकारी छतरपुर के निर्देशन तथा उप वन मंडलाधिकारी बिजावर के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी बिजावर के नेतृत्व में संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

### बॉबी राजा गठेवरा ने युवाओं को खेलों के प्रति किया प्रेरित



छतरपुर। गांव में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन युवाओं में खेल भावना और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष बॉबी राजा विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। उनके आगमन से खिलाड़ियों एवं ग्रामीण युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान बॉबी राजा ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व जैसे गुणों को भी विकसित करता है। उन्होंने युवाओं को मोबाइल और नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहकर खेलों से जुड़ने की प्रेरणा दी तथा कहा कि नियमित खेल जीवन में सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास को बढ़ाता है।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है तो केवल सही मार्गदर्शन और अवसर की। ऐसे टूर्नामेंट गांव के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करते हैं और उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने की प्रेरणा देते हैं।बॉबी राजा ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के खेल आयोजनों से गांव में सामाजिक एकता मजबूत होती है और युवाओं को एक सकारात्मक दिशा मिलती है। उन्होंने भविष्य में भी युवाओं के लिए खेल एवं विकास से जुड़े कार्यक्रमों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की प्रशंसा की गई।

### छतरपुर में ट्रैफिक वार्डन कर रहे राहवीर योजना का व्यापक प्रचार



छतरपुर। जिले की यातायात व्यवस्था को मजबूत और प्रभावी बनाने के साथ ही आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए छतरपुर पुलिस की ट्रैफिक वार्डन टीम ने जोरदार अभियान छेड़ा है। ट्रैफिक वार्डन के सदस्य साप्ताहिक बाजारों, दुकानों, जिला अस्पताल, पार्क और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर लोगों को राहवीर योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दे रहे हैं।इस अभियान के दौरान विशेष रूप से सड़क दुर्घटना के समय आम नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला जा रहा है। विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि दुर्घटना के बाद पहले एक घंटे (गोल्डन ऑवर) में घायल को अस्पताल पहुंचाने से जान बचाने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। इसी उद्देश्य से मध्य प्रदेश शासन द्वारा शुरू की गई राहवीर योजना के तहत घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाने में मदद करने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन राशि के साथ उपचार व्यय की प्रतिपूर्ति प्रदान की जाती है।ट्रैफिक वार्डन सदस्यों द्वारा यातायात नियमों का पालन करने के सही तरीकों की जानकारी देने के अलावा राहवीर योजना से संबंधित पम्फलेट भी वितरित किए जा रहे हैं। छतरपुर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में बिना किसी भय के मानवता के नाते घायल की सहायता करें। साथ ही यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कर स्वयं और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

### सीएमएचओ का सिविल हॉस्पिटल में औचक निरीक्षण

बड़ामलहरा। स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सोमवार को सिविल हॉस्पिटल बड़ा मलहरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण की सूचना मिलते ही अस्पताल परिसर में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई।

# मलाईदार पद छोड़ने को तैयार नहीं जनजातीय कार्य विभाग के सहायक ग्रेड-2 रामबाबू शुक्ला

**सालों से विभाग में अंगद के पैर की तरह जमे, सालों से एससी/एसटी छात्रावास, लेखा प्रभार**

**प्रभार बदलने को लेकर जिला संयोजक के आदेश को कई बार ठुकराया गया, शासकीय आदेशों की हो रही अवहेलना**




छतरपुर।

जनजातीय कार्य विभाग छतरपुर में सहायक ग्रेड-2 के पद पर पदस्थ रामबाबू शुक्ला जिन्हें अनुकम्पा नियुक्ति मिली थी। वह करीब 25 साल से जनजातीय विभाग में पदस्थ है और उनके पास छात्रावासों के प्रभार के साथ साथ और भी कई प्रभार जिसमें लेखा भी शामिल था। लेकिन अपने कार्यकाल में सहायक ग्रेड -2 रामबाबू शुक्ला ने विभाग में अंगद की तरह पैर जमाकर रखा है। छात्रावासों का प्रभार होने पर उनके द्वारा प्रत्येक छात्रावास से बसूली की जाती रही। इस अबैध बसूली से तंग आकर रसोईयों ने रामबाबू शुक्ला के विरूद्ध मोर्चा भी खोला था। तब मजबूर होकर जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक श्री मनोज अहिरवार ने छात्रावासों का प्रभार छीनकर, दूसरे को सौंप दिया था।और लेखा का प्रभार आज भी उनके पास बरकरार है। छात्रावासों के प्रभार के दौरान उनके द्वारा जमकर अबैध बसूली की गई और लाखों रूपए की अबैध कमाई की गई। जिला संयोजक ने इनका प्रभार बदलने के लिए 2 बार आदेश जारी किया। लेकिन जिला संयोजक के आदेश को सहायक ग्रेड 2 रामबाबू शुक्ला ने हवा में उड़ा दिया। जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक ने अपने पत्र क्रमांक / स्थापना/2025-26/3654 छतरपुर दिनांक 29.12.25 द्वारा एक आदेश जारी किया था कि रामबाबू शुक्ला सहायक ग्रेड 2 लेखा शाखा प्रभारी जनजातीय कार्य विभाग छतरपुर को राहत शाखा प्रभारी एवं राहत राशि के भुगतान किए जाने हेतु आदेश जारी किया था। लेकिन सहायक ग्रेड 2 रामबाबू शुक्ला ने यह प्रभार स्वीकार नहीं किया। इसके अलावा जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक ने पत्र क्रमांक /स्थापना/2025-26/ 3520 छतरपुर दिनांक 18.12.25 के द्वारा एक आदेश जारी किया था जिसमें निर्देश दिए गए थे कि पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए रामबाबू शुक्ला सहायक ग्रेड 2 को लेखा शाखा के साथ साथ राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय एवं संभाग स्तरीय बैठकों तथा अनुसूचित जाति, जनजाति की विभागीय बीडियों कान्फेंसिंग तथा टीएल बैठकों की जानकारी तैयार करने आदि कार्य तत्काल प्रभाव से सौंपे गए थे। लेकिन सहायक ग्रेड 2 रामबाबू शुक्ला ने शासकीय आदेशों की अवहेलना की। शासकीय आदेशों की अवहेलना करने पर जिला संयोजक ने अपने पत्र क्रमांक/स्थापना/2025-26/3941 छतरपुर दिनांक 16.01.26 द्वारा एक पत्र फिर से रामबाबू शुक्ला को जारी किया गया। जिसमें स्पष्ट उल्लेख है कि आपके द्वारा दो आदेशों में कार्य करने से इन्कार किया गया जो शासकीय आदेशों की अवहेलना की श्रेणी में आता है। इसी तरह राहत शाखा प्रभारी एवं राहत राशि भुगतान किए जाने हेतु कलेक्टर द्वारा आदेशित किया गया था लेकिन उक्त कार्य करने से भी मना कर दिया गया। बार बार लिखित एवं मौखिक आदेंशो की अवहेलना की जा रही है। लगातार शासकीय आदेशों की अवहेलना करना मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम (एक)(दो)(तीन) के तहत कदाचरण की श्रेणी में आता है। इसलिए कारण बताओ सूचना पत्र का तीन दिवस के अंदर उत्तर मांगा गया था लेकिन उनके द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र का भी कोई जबाव नहीं दिया गया। लगातार शासकीय आदेशों की अवहेलना करना अपने आप में सिद्व हो रहा है कि सहायक ग्रेड-2 रामबाबू शुक्ला मलाईदार पद छोड़ना नही चाहते है।



## बेटी की शादी के लिए निकाले 50 हजार रुपये चोरी

### बैंक से निकासी के बाद तीन युवकों ने किया पीछा, सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना

छतरपुर।

जिले में चोरी की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है, जिससे आमजन में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। ताजा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक शाखा का है, जहां एक पिता ने अपनी बेटी की शादी के लिए 50 हजार रुपये निकाले थे, लेकिन बैंक से बाहर निकलते ही जेबकतरों ने उनकी जेब काट ली।

पीड़ित भगवान दास कुशवाहा (45 वर्ष), निवासी थाना ओरछा रोड क्षेत्र, 13 जनवरी को दोपहर करीब 2 बजे पंजाब नेशनल बैंक से 50 हजार रुपये निकालकर सर्राफा बाजार की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि बैंक से निकलने के बाद तीन युवक उन्हें लगातार पीछा करते दिखे, जो सीसीटीवी कैमरों में साफ कैद हुए हैं। दूधनाथ मंदिर के निकट पहुंचते ही जब पीड़ित ने सामान खरीदने के लिए थैली खोली, तो रुपये गायब मिले। तुरंत कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन अब तक पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे परेशान होकर पीड़ित एसपी कार्यालय पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई।

## गहोई समाज की ऐतिहासिक पहल

# अब शादियों में सात नहीं, आठ वचनों के साथ गूंजेगा बेटी बचाओ का संकल्प

**छतरपुर में त्रि-दिवसीय गहोई दिवस समारोह का भव्य आगाज़; शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब**

छतरपुर।



रविवार को गहोई समाज के तीन दिवसीय प्रांतीय उत्सव का शुभारंभ एक क्रांतिकारी सामाजिक संदेश के साथ हुआ। इस वर्ष गहोई समाज ने विवाह की परंपरा में एक नया अध्याय जोड़ते हुए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ को आठवें वचन के रूप में शामिल किया है। समाज का मानना है कि केवल सात फेरों से गृहस्थी नहीं, बल्कि आठवें वचन से समाज और राष्ट्र का निर्माण होगा। समारोह के पहले दिन आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में चार जोड़ों ने सात वचनों के साथ इस विशेष आठवें वचन की शपथ ली, जिसे उपस्थित जनसमूह और राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने समाज के उज्जवल भविष्य के लिए एक अनुकरणीय कदम बताया।

गहोई समाज के मीडिया प्रभारी रोहित गुप्ता लाला ने बताया कि समारोह की शुरुआत बुंदेलखंड गैरेज से निकली एक भव्य शोभायात्रा से हुई, जो शहर के प्रमुख मार्गों बस स्टैंड, फब्बारा चौराहा, गल्ला मंडी और रामलीला मैदान से होते हुए गहोई धाम पहुंची। पूरी यात्रा के दौरान गहोई यूथ क्लब, अग्रवाल समाज और अन्य संगठनों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। गहोई धाम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में ध्वज पूजन के बाद बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर अखिल भारतीय गहोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल छिरौल्या डल्लू भैया सहित कई राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने समाज के प्रतिभावान व्यक्तियों को गहोई रत्न और गहोई भामाशाह जैसे सम्मानों से नवाजा। वहीं समारोह में पवन-कोमल, सत्यम-शिवांगी, अशोक-अनीता और रामस्वरूप-पूजा के विवाह पूर्ण हिंदू रीति-रिवाज से संपन्न कराए गए। समाज द्वारा इन जोड़ों को गृहस्थी का संपूर्ण आवश्यक सामान और दहेज सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की गई है। हमारा उद्देश्य सामूहिक विवाह के माध्यम से फिजूलखर्ची को रोकना और समाज में समानता लाना है। आठवें वचन की इस पहल को अब हर घर तक पहुंचाया जाएगा। समारोह में अखिल भारतीय गहोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल छिरौल्या डल्लू भैया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में महासभा के महामंत्री दीपक सावला, उपाध्यक्ष मोहन बड़कुल, मंत्री डॉ. सुशील कुमार सोनी सहित कई राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारी शामिल हुए। इस मौके पर जिला गहोई समाज के अध्यक्ष प्रेमनारायण रूसिया, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र खरया, महामंत्री एसडी कुचया, उपाध्यक्ष बृजमोहन रावत, राजेन्द्र नीखरा, अशोक कुचया, कोषाध्यक्ष रमेश बृजपुरिया, संयोजक राजेश रूसिया, विनोद सरावगी, केके बृजपुरिया, राकेश रूसिया, रवि नीखरा, ओमप्रकाश पिपरसानिया, राजा भैया रूसिया, लक्ष्मी प्रसाद पिपरसानियां, जगदीश पंसारी, मनोज डेंगरे, श्रीराम पहारिया, संजय डेंगरे, बालकृष्ण पंसारी, राजेश सरावगी, बद्री प्रसाद बहरे, प्रद्युम्न चउदा, मंजू बिलैया, रश्मि रूसिया, कल्पना रावत, प्रिया रावत, अमित बरसैंया, उमेश बरसैंया, जमुना प्रसाद खरया सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ, महिला-पुरुष, युवा और बच्चे उपस्थित रहे।

### आठवां वचन बनेगा सामाजिक क्रांति का आधारः डल्लू भैया

अखिल भारतीय गहोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल छिरौल्या डल्लू भैया ने कहा कि आज शादियों में जो आठवां वचन बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का जोड़ा गया है, वह समाज को नई दिशा देगा। विनम्रता ही व्यक्ति की असली पहचान है। महासभा समाज कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है; इसी कड़ी में भोपाल में 60 कन्याओं के लिए एक भव्य छात्रावास का निर्माण कराया जा रहा है और ग्वालियर में केंद्रीय कार्यालय के लिए भूमि की तलाश जारी है। मैं गहोई धाम के विकास के लिए प्रतिवर्ष एक लाख रुपये देने की घोषणा करता हूँ।

### युवाओं और महिलाओं में दिखा अभूतपूर्व उत्साहः दीपक सावला

विशिष्ट अतिथि गहोई महासभा राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सावला ने कहा कि शोभायात्रा से लेकर मंचीय कार्यक्रम तक, समाज के युवाओं और मातृशक्ति की भागीदारी यह दर्शाती है कि हमारा संगठन कितना मजबूत है। भोपाल और ग्वालियर में बन रहे प्रकल्पों से हमारे समाज के छात्र-छात्राओं को बड़े शहरों में शिक्षा प्राप्त करने में सुगमता होगी। गहोई समाज हमेशा से ही अपनी सेवाभावी परंपरा के लिए जाना जाता रहा है और आज की यह नई पहल इसे और भी गौरवान्वित करती है।

# कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा पत्र एसआईआर निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराने की मांग



छतरपुर।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की छतरपुर कमेटी ने जिला निर्वाचन अधिकारी को एक पत्र सौंपकर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार संपन्न कराने की मांग की है। कांग्रेस ने पड़ोसी राज्य राजस्थान में मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान सामने आई गड़बड़ियों का हवाला देते हुए मध्य प्रदेश में ऐसी लापरवाही न होने देने की चेतावनी दी है।

यह पत्र गगन यादव की ओर से जारी किया गया है, जिसमें कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गई हैं जिनमें कहा गया है कि केवल भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मुद्रित आधिकारिक फॉर्म-07 ही मान्य होंगे। बाहर से छपे या अनधिकृत फॉर्म-07 स्वीकार नहीं किए जाएंगे और यदि जमा हो चुके हैं तो उन्हें तत्काल निरस्त किया जाए। एक बूथ पर एक दिन में अधिकतम 15 फॉर्म-07 ही ब्लॉक लेवल ऑफिसर (बीएलओ) द्वारा स्वीकार किए जाएं। इसकी तिथिवार दैनिक जानकारी सभी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जाए। फॉर्म-07 एवं फॉर्म-06 भरने वाला व्यक्ति स्वयं बूथ पर उपस्थित हो और उसका फोटो लिया जाए। किसी अन्य व्यक्ति द्वारा भरे फॉर्म मान्य नहीं होंगे। यदि जिले में किसी भी बूथ से लापरवाही की शिकायत मिलती है, तो कांग्रेस पार्टी संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगी। कांग्रेस ने आशा जताई है कि जिला निर्वाचन अधिकारी इन बिंदुओं पर सतर्क निगरानी रखेंगे और एसआईआर प्रक्रिया को पूरी निष्पक्षता व पारदर्शिता के साथ पूरा करेंगे।



# विश्व हिन्दू परिषद की मासिक जिला कार्ययोजना की बैठक संपन्न

**नए पदाधिकारियों का स्वागत, संगठन मजबूती पर जोर**

छतरपुर।

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) छतरपुर की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक रविवार को सटई रोड स्थित आईबीएस गार्डन में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को हर स्तर पर मजबूत करना रहा। बैठक का शुभारंभ मुख्य अतिथि विहिप के विभाग मंत्री प्रखर भट्ट द्वारा राम दरबार पर पुष्प माल्यार्पण कर किया गया।

साथ ही उन्होंने संगठन के कार्यों एवं संगठन विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए पंच परिवर्तन, कार्यकर्ता निर्माण को विस्तृत रूप से समझाया। इस अवसर पर जिला मंत्री रामगोपाल यादव ने कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरते हुए कहा कि किसी भी संगठन की शक्ति उसकी एकजुटता में निहित होती है। उन्होंने संघ शताब्दी वर्ष हेतु होने वाले हिंदू सम्मेलन में प्रत्येक कार्यकर्ता की अपनी सहभागिता हो कोई भी कार्यकर्ता हिंदू सम्मेलन से वंचित न रहे। प्रत्येक कार्यकर्ता को सत्संग में जाना चाहिए एवं नवीन सत्संग भी चालू करने पर जोर दिया गया विश्व हिंदू परिषद की धर्म रक्षा निधि की बंदी एवं लक्ष्य सभी प्रखंडों के कार्यकर्ताओं को दिया गया।

### प्रखंडों की घोषणाएं


नवनियुक्त जिला मीडिया प्रभारी राहुल रैकवार ने बताया कि बैठक में प्रमुख रूप से मातृशक्ति विभाग संयोजिका श्रीमती कल्पना यादव, जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र सिंह, दिनेश, माधुरी द्विवेदी ,जिला कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र वर्मा, जिला सहमंत्री जीतेन्द्र शर्मा, जिला संयोजक सूरज बुंदेला, जिला सह संयोजक अभिलाष मिश्रा, संदेश अवस्थी, नगर अध्यक्ष छतरपुर विपेन्द्र अहिरवार, प्रखंड अध्यक्ष नौगांव धर्मेश सिंह , प्रखंड अध्यक्ष सटई रतिराम अनुरागी, प्रखंड अध्यक्ष घुवारा भरत यादव,प्रखंड अध्यक्ष बक्सवाहा आकाश राजपूत एवं संपूर्ण जिला समिति एवं सभी प्रखंडों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तोरण द्वार निर्माण हादसा : परिवार ने मांगा मुआवजा, लगाई न्याय की गुहार

नौगाँव/छतरपुर। जिले के नौगाँव तहसील अंतर्गत धौर्रा मंदिर मार्ग पर नगर पालिका द्वारा निर्माणाधीन तोरण द्वार के गिरने से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा 9 जनवरी 2026 को हुआ, जिसमें मजदूर श्री राममिलन बुनकर (निवासी ग्राम करारागंज) की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है। मृतक की पत्नी श्रीमती सोमवती बुनकर ने मुख्यमंत्री के नाम एक आवेदन देकर परिवार की दयनीय स्थिति का बयान किया है। उन्होंने बताया कि स्व. राममिलन बुनकर परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। प्रतिदिन मजदूरी करके वे शाम को परिवार के भरण-पोषण की व्यवस्था करते थे। उनकी असामयिक मौत के बाद परिवार के सामने जीवन-यापन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। मृतक राममिलन बुनकर की पत्नी एवं उनकी अनाथ बेटियों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। श्रीमती सोमवती बुनकर को शासकीय नौकरी दी जाए ताकि परिवार का भरण-पोषण संभव हो सके। नौगाँव मुख्य नगर पालिका

**खबर संक्षेप**

## दूषित जल से इंदौर में हुई मौतों को लेकर पूरे प्रदेश की व्यवस्था में व्यापक सुधार की जरूरत : अजय खरे



रीवा। स्वच्छता के मामले देश भर के महानगरों में अव्वल रहने वाले मध्य प्रदेश के इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित जल आपूर्ति के चलते अभी तक 24 मोतें हुईं लेकिन सरकार में बैठे लोग लगातार जवाबदेही से भागते नजर आए। समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि दूषित जल की समस्या को लेकर शासन प्रशासन का व्यापक नजरिया होना चाहिए। प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में इस तरह की दुखदाई वारदात नहीं होने पाए इसके लिए सख्त कदम उठाने चाहिए। श्री खरे ने कहा कि प्रदेश के नगरीय विकास आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तो सवाल पूछने वाले एक पत्रकार से अनर्गल बातें करके विवाद का विषय बन गए थे। दूषित जल आपूर्ति से कम से कम दो दर्जन अकाल मौतों के लिए कौन ज़िम्मेदार यह बताने में कैलाश विजयवर्गीय असमर्थ रहे हैं। उन्होंने इस्तीफा देने की जगह कुर्सी से चिपके रहना पसंद किया। मामला कितना भी गंभीर हो मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री अपनी नैतिक जवाबदेही से पल्ला झाड़ लेते हैं। दूषित जल का मामला केवल इंदौर का नहीं बल्कि प्रदेश के विभिन्न भागों की आम समस्या है जिसे लंबे समय से नजर अंदाज किया जा रहा है। यह भारी विडम्बना कि कोई बड़ा कांड होने के बाद शासन प्रशासन की कुंभकर्णी नींद खुलती हैं। इसके साथ मामले की लीपापोती भी होती है। दरअसल इंदौर में एक खास इलाके में दूषित पानी से बड़ी संख्या में बीमार हुए लोगों में से कई मौतें हो गईं तो मामला तूल पकड़ लिया। अजय खरे ने कहा कि रीवा में लंबे समय से मीठा जल देने की बात होती है। लेकिन नल पाइप लाइन के जरिए होने वाली जल आपूर्ति की शुरुआत में कुछ मिनट तक गंदा पानी आने की शिकायतें हैं जिसे लंबे समय से नजर अंदाज किया जा रहा है।

## ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान कार्यक्रम 20 जनवरी को नईगढी मे

मऊगंज। शासन की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं में पात्र हितग्राहियों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश निर्माण हेतु सकारात्मक वातावरण के सृजन के उद्देश्य से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के तहत जिले के नईगढ़ी विकासखण्ड में विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम 20 जनवरी को आयोजित किया गया है। दोपहर 12 बजे से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गिरीश गौतम होंगे। अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने जनपद के सीईओ को सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराते हुए गौरवपूर्ण आयोजन के निर्देश दिये हैं।

## मनगवां हाईवे पर दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत, दो की हालत गंभीर

रीवा। रीवा-मनगवां हाईवे पर सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नौडिया के पास दो ट्रकों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों ट्रक चालकों को गंभीर चोटें आई हैं। एक चालक को पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकालकर इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल रीवा भेज दिया, जबकि दूसरा चालक ट्रक की स्टेयरिंग में बुरी तरह फंसा हुआ है, जिसे बाहर निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब एक ट्रक गलत दिशा (रॉन्ग साइड) से आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे दूसरे ट्रक से उसकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ट्रकों के आगे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और चालक केबिन में फंस गए ।घटना की सूचना मिलते ही रायपुर कर्चुलियान थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से राहत और बचाव कार्य शुरू किया।

## 57 हितग्राहियों को कृत्रिम हाथ वितरित किये गये

रीवा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं इनाली फाउंडेशन के सहयोग से जिला अस्पताल बिछिया में आयोजित शिविर में कोहनी से नीचे कटे हाथ के हितग्राहीयो को निशुल्क हाथ वितरित कराये जा रहे हैं। दो दिवसीय में 58 हितग्राही पंजीकृत किये गये जिनके हाथ का माप लेकर कृत्रिम हाथ लगाया गया। कृत्रिम हाथ पूरी तरह से अत्याधुनिक एवं इलेक्ट्रिक सेसंर से युक्त है।

जिला कोर्ट परिसर में हंगामा

# सायरन बजाकर घुसी यातायात पुलिस पर भड़के वकील










### धक्का-मुक्की के बाद पुलिस को बाहर खदेड़ा, गेट बंद कर कई घंटों तक जारी रहा धरना, ठप रहा कामकाज

रीवा।

जिला न्यायालय परिसर में सोमवार दोपहर उस समय तनावपूर्ण स्थिति बन गई, जब यातायात पुलिस की गाड़ी सायरन बजाते हुए कोर्ट कैंपस के भीतर दाखिल हो गई। इसे न्यायालय की गरिमा और नियमों के खिलाफ बताते हुए अधिवक्ता भड़क उठे। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि वकीलों और पुलिस कर्मियों के बीच तीखी बहस के बाद धक्का-मुक्की हो गई। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने यातायात पुलिस को कोर्ट परिसर से बाहर खदेड़ दिया और मुख्य गेट बंद कर धरने पर बैठ गए। इसके चलते न्यायिक कार्य घंटों बाधित रहा।घटना सोमवार दोपहर करीब 1 बजे की है। जानकारी के अनुसार यातायात थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मियों के साथ वाहन से सायरन बजाती हुई कोर्ट परिसर में पहुंचीं और अव्यवस्थित पार्किंग को लेकर चालानी कार्रवाई की चेतावनी दी। इस पर मौजूद अधिवक्ताओं ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि न्यायालय परिसर एक संरक्षित क्षेत्र है, जहां बिना अनुमति सायरन बजाना और चालान की कार्रवाई करना नियमों का उल्लंघन है। बार काउंसिलिंग के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि दोपहर के समय अधिवक्ताओं के वाहनों पर चालानी कार्रवाई के लिए सायरन बजाकर अनाउंस करना गलत है। उन्होंने आरोप लगाया कि कोर्ट परिसर में बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। चाय विक्रेताओं का प्रवेश रोका गया है और अधिवक्ताओं से वाहनों के प्रवेश पर जुर्माना वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि इन मामलों का समाधान नहीं हुआ तो आगे कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिवक्ता वैभव चतुर्वेदी ने कहा कि नए कोर्ट भवन में जजों के लिए बेहतर पार्किंग और सुविधाएं हैं, जबकि अधिवक्ताओं के लिए धूल भरी जगह छोड़ी गई है। बैठने की समुचित व्यवस्था न होने से वकीलों को जमीन पर बैठकर काम करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शासन द्वारा पुलिस का दुरुपयोग कर अधिवक्ताओं को परेशान किया जा रहा है। वही सीएसपी राजीव पाठक ने बताया कि अधिवक्ताओं और न्यायालय अधिकारियों के बीच कुछ मांगों को लेकर पहले से बातचीत चल रही थी। इसी दौरान यातायात थाना प्रभारी के कोर्ट परिसर में पहुंचने और चालानी कार्रवाई की बात सामने आई। पूरे मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई है और उनके निर्देश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। बहस से धक्का-मुक्की तक पहुंचा मामलावकीलों का आरोप है कि पुलिस द्वारा सायरन बजाकर अनाउंस करना न्यायालय की गरिमा के खिलाफ था। विरोध के दौरान बहस बढ़ती चली गई और धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। इसके बाद अधिवक्ताओं ने पुलिस कर्मियों को बाहर निकाल दिया और मुख्य द्वार बंद कर दिया। गेट बंद होने से पक्षकारों, आम नागरिकों और मीडियाकर्मियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।कोर्ट परिसर में तनाव, मीडिया कर्मी भी फंसेधरने और गेट बंद होने के कारण कोर्ट का कामकाज पूरी तरह ठप रहा। कई घंटों तक न्यायालय परिसर में तनाव का माहौल बना रहा। सूचना मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और अधिवक्ताओं से बातचीत कर स्थिति संभालने का प्रयास किया।कोर्ट कैम्पस मे यातायात पुले के वर्ताव बना विवाद का कारण रीवा कोर्ट मामले पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेंद्र पांडे ने बताया कि अधिवक्ताओं की कुछ छोटी-छोटी मांगी थी. लेकिन आज कोर्ट परिसर में हुए विवाद का मुख्य कारण यह था की ट्रैफिक इंचार्ज एनिमा शर्मा यातायात पुलिस की गाड़ी से कोर्ट परिषर में प्रवेश हुई और एनाउंस करते हुए चालानी कार्रवाई की बात कही. उन्होंने कहा कि जो वाहन व्यवस्थित ढंग से नहीं खड़े हैं उन पर चालान किया जाएगा. अध्यक्ष राजेंद्र पांडे ने कहा कि कोर्ट कैंपस मे ट्रैफिक इंचार्ज इस तरह से बात करेंगी तो वाद विवाद होना तय था। अधिवक्ता संघ और न्यायपालिका में बनी सहमतिअधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेंद्र पाण्डेय ने कहा कि विवाद का मुख्य कारण यातायात थाना प्रभारी द्वारा सायरन बजाकर कोर्ट परिसर में प्रवेश करना और अनाउंस के जरिए चालान की चेतावनी देना था। देर शाम न्यायपालिका और अधिवक्ता संघ के बीच बातचीत हुई, जिसमें कई मुद्दों पर सहमति बनी। बिजली, पेयजल और अन्य सुविधाओं को लेकर जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया है। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि यदि 22 जनवरी तक मांगें पूरी नहीं होतीं तो आंदोलन किया जाएगा। साथ ही यह भी तय हुआ है कि भविष्य में बिना अनुमति पुलिस कोर्ट परिसर में प्रवेश नहीं करेगी।

## स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार के लिए मैदानी अमले को सचेत करें - कलेक्टर
### कलेक्टर्स कांफ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करें



रीवा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कमिश्नर्स-कलेक्टर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करें। अपने संचालनालय से संपर्क करके विभाग से जुड़े रैंकिंग के बिन्दुओं की जानकारी लें। इन बिन्दुओं पर तत्परता से कार्यवाही करके विभाग की रैंकिंग में सुधार करें। किसी भी स्थिति में जिला प्रदेश की रैंकिंग में अंतिम 10 जिलों में न रहे। सभी कार्यालय प्रमुख शासन द्वारा निर्धारित मासिक और त्रैमासिक समीक्षा बैठक समय पर आयोजित कराकर कार्यवाही विवरण पोर्टल पर दर्ज कराएं। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि राजस्व अधिकारी नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और खसरा सुधार के प्रकरण तय समय सीमा में निराकृत करें। प्रकरणों के समय सीमा में निराकरण न होने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम हर सप्ताह प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। सभी तहसीलदार फार्मर रजिस्ट्री के संबंध में तत्परता से कार्यवाही करें। पटवारियों की आईडी से किसान के जमीन से संबंधित जानकारी दर्ज कराएं। साथ ही वनाधिकार पट्टे प्राप्त सभी हितग्राहियों को भी फार्मर रजिस्ट्री कराकर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कराएं। संकल्प से समाधान अभियान में राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन पत्रों का भी निराकरण करके जानकारी दर्ज करें।कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, गर्भवती एनिमिक महिलाओं की पहचान तथा समय पर उपचार एवं कम पोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग मिलकर प्रयास करें। सीवियर एनिमिक महिलाओं को आयरन सुक्रोज के इंजेक्शन लगाने तथा अन्य उपचार देने के बाद उसकी जानकारी पोर्टल पर अपडेट कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य सूचकांकों को बेहतर करने के लिए मैदानी अमले को सचेत करें। प्रत्येक विकासखण्ड में शिविर लगाकर महिलाओं और शिशुओं की स्वास्थ्य रक्षा, गर्भवती महिलाओं की देखभाल तथा अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा करें। लापरवाही बरतने वाले बीएमओ तथा स्वास्थ्य कर्मियों पर कड़ी कार्यवाही करें। धरती आबा योजना के तहत चिन्हित जनजाति हितग्राहियों तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के शेष बचे व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर लगाएं। ग्राम रोजगार सहायक तथा ग्राम पंचायत सचिव के माध्यम से छूटे हुए सभी व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनवाएं। इसमें लापरवाही बरतने वाली आशा कार्यकर्ताओं पर कड़ी कार्यवाही करें। निक्षय अभियान के तहत हर क्षय रोगी को समय पर उपचार और फूड बास्केट उपलब्ध कराएं। प्रसव के दौरान महिला की मौत तथा शिशुओं की मौत की प्रत्येक घटना का ऑडिट कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि उप संचालक पशुपालन कामधेनु योजना में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार प्रकरण दर्ज कराकर शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति कराएं। उप संचालक पशुपालन ने बताया कि योजना में 33 आवेदन पत्र दर्ज कराए गए हैं। इनमें से 13 आवेदन पत्र बैंकों द्वारा स्वीकृत कर दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मुख्यमंत्री बाल आरोग्य योजना में सभी कुपोषित बच्चों का पंजीयन कराएं। पोषण पुनर्वास केन्द्र में शत-प्रतिशत बेड भरे रहना सुनिश्चित करें। पोषण पुनर्वास केन्द्र से डिस्चार्ज होने वाले बच्चों का नियमित फालोअप कराकर पोर्टल पर जानकारी अपडेट कराएं। जिला शिक्षा अधिकारी जनशिक्षकों द्वारा स्कूलों के निरीक्षण की जानकारी पोर्टल पर तत्काल अपडेट कराएं। इसमें लापरवाही बरतने वाले बीईओ के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। छात्रवृत्ति की शेष राशि का भी भुगतान कराएं। कलेक्टर ने कहा कि वनाधिकार समिति की खण्ड और जिला स्तर पर बैठक आयोजित करके सभी अमान्य दावा प्रकरणों का तीन दिवस में पुनः परीक्षण कराएं। सभी अधिकारी कमिश्नर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं पर कार्यवाही करके जानकारी अपडेट कराएं। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्ट सपना त्रिपाठी, सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## वसूली अभियान के तहत सख्ती, कुर्की एवं तालाबंदी की कार्यवाही
### निरंतर जारी रेवांचल बस स्टैण्ड एवं गोलपार्क में 3 दुकानों में तालाबंदी



रीवा। निगम आयुक्त के निर्देश पर बकायादारों पर सख्त रुख अपनाते हुए निरंतर तालाबंदी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को जोन 02 वार्ड 18 मे गोलपार्क एवं रेवांचल बस स्टैण्ड में नगर निगम की निर्मित दुकानो का किराया बकाया होने पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई। जिनमें गोलपार्क में बाबूलाल की बकाया राशि 35627 रू. एवं तीरथ प्रसाद सेन बकाया राशि 21474 रू एवं रेवांचल बस स्टैण्ड कुए की पास गुलाम मोहम्मद की बकाया राशि 20889 रू. न जमा किये जाने पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार गोलपार्क में मनोज कुमार गुप्ता राशि 54644 रू., राजेन्द्र पाठक राशि 29434 रू., राजमणि राशि 44769 रू., नाथूलाल सोनी राशि 34869 रू., दीपक द्विवेदी राशि 25588 रू. एवं रेवांचल बस स्टैण्ड में अंजनी कुमार मिश्रा राशि 60195 रू., राकेश कुमार श्रीवास्तव राशि 31236 रू., शारदा प्रसाद जायसवाल राशि 34232 रू., विवेक सिंह राशि 62705 रू., शांति बाई राशि 25962 रू., लाल मोहम्मद राशि 24026 रू. कार्यवाही के दौरान मौके पर नगर निगम कोष में जमा कराया गया। इसके अतिरिक्त नगर निगम की टीम द्वारा दुकानदारो द्वारा सड़क पटरी में अतिक्रमण करने पर सामग्री की जप्ती एवं दुकान के बाहर गंदगी कचरा फैलाये जाने पर 13700 रू. की स्पाट फाइन की गई। नगर निगम द्वारा स्पष्ट किया गया कि निर्धारित समय पर करों की राशि जमा न करने वाले करदाताओं के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी। सभी करदाताओं से अपील की गई है कि सभी प्रकार के बकाया कर निर्धारित समय में जमा कर, अप्रिय कार्यवाही से बचे एवं अपना संपत्तिकर एवं अन्य करों का भुगतान कर नगर के विकास कार्यों में सहभागी बनें। उक्त कार्यवाही में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, सिटी मिशन मैनेजर अभिमन्यू सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी दीपक सिंह तोमर, अतिक्रमण प्रभारी राजेश चतुर्वेदी, रावेन्द्र शुक्ला, उप राजस्व निरीक्षक सुधान्शू विश्वकर्मा के साथ राजस्व अमला उपस्थित रहा।

## नशीली कफ सिरप की अवैध बिक्री करते तीन आरोपी गिरफ्तार



रीवा। शहर के सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध रूप से नशीली कफ सिरप की बिक्री करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप की 31 शीशियां एवं नगद राशि बरामद की है। मामले में एनडीपीएस एक्ट सहित ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। बता दे रविवार को सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अंशु खटिक नामक युवक, जो काले रंग की हुडी जैकेट एवं काली जींस पहने हुए है, अल्ताफ उर्फ नावेद खान के अजहर के खेत में बने ऑटो पार्किंग बंदरिया क्षेत्र में काम करता है और घूम-घूमकर नशीली कफ सिरप की अवैध बिक्री कर रहा है। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस द्वारा तत्काल टीम गठित कर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। रेड कार्रवाई के दौरान आरोपी अंशु खटिक के कब्जे से नाले के पास पड़े पत्थरों की दरार में छिपाकर रखी गई एक सफेद बोरी से प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप बरामद की गई। गणना करने पर कुल 31 शीशी अनरेक्स कंपनी की नशीली कफ सिरप पाई गई। आरोपी अंशु खटिक से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह नावेद खान, अज्जू उर्फ अक्षत वर्मा एवं एक अन्य व्यक्ति के कहने पर नशीली कफ सिरप की बिक्री करता था। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नावेद उर्फ अल्ताफ खान एवं अज्जू उर्फ अक्षत वर्मा को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट मामला दर्ज किया है। और न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है ।

## कराहिया वस्ती में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन, एकता और पंच परिवर्तन का संदेश




रीवा । कराहिया वस्ती में 18 जनवरी को हिंदू सम्मेलन बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे कलश यात्रा से हुआ, जिसके पश्चात गौ-पूजन, संस्कृत कार्यक्रम एवं भजन-कीर्तन आयोजित किए गए। पूरे वातावरण में आध्यात्मिकता और सामाजिक चेतना की झलक देखने को मिली। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. कृष्णेन्द्र प्रपन्नाचार्य उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रीवा विभाग के विभाग प्रचारक हरिनारायण वैद्य ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन से उपस्थित जनसमूह का मार्गदर्शन किया। महिला वक्ता के रूप में मीरा केवट ने समाज में नारी शक्ति की भूमिका पर सारगर्भित विचार रखे। अपने उद्बोधन में हरिनारायण वैद्य ने हिंदू समाज के उत्थान हेतु पंच परिवर्तन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पंच परिवर्तन में व्यक्तिगत आचरण की शुद्धता, परिवार की मजबूती, सामाजिक समरसता, स्वदेशी एवं स्वावलंबन तथा नागरिक कर्तव्य और राष्ट्रभक्ति शामिल हैं।उन्होंने कहा कि हिंदू समाज की वास्तविक शक्ति उसकी संगठित एकता में निहित है। जाति, वर्ग और भेदभाव को त्याग कर यदि समाज एकजुट हो जाए, तो कोई भी चुनौती असंभव नहीं है। युवाओं से अपनी संस्कृति, परंपरा और राष्ट्र के प्रति निष्ठावान रहने का आह्वान किया तथा समाज सेवा को जीवन का उद्देश्य बनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन भारत माता की भव्य आरती के साथ हुआ। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई जाएगी मतदाता शपथ

रीवा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष मनाए जाने वाले 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम मेरा भारत मेरा वोट है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि 24 एवं 25 जनवरी को अवकाश रहने पर सुविधानुसार

## अटल ई-सेवा केंद्र का हुआ शुभारंभ, गांव-गांव तक पहुंचेंगी सरकारी सेवाएं- गिरीश गौतम

मऊगंज




जिले की ग्राम पंचायत सरई सेंगर में अटल ई-सेवा केंद्र का शुभारंभ देवतालाब विधायक गिरीश गौतम द्वारा विधिवत रूप से किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला, क्योंकि अब शासन की योजनाओं और सेवाओं के लिए उन्हें दूर दराज के कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान विधायक का स्वागत जिला प्रबंधक सीएससी रविशंकर मिश्रा द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। अटल ई-सेवा केंद्र के उद्घाटन के साथ ही विधायक गिरीश गौतम ने जिले की अन्य ग्राम पंचायतों में संचालित होने वाले अटल ई-सेवा केंद्रों के लिए प्राधिकार पत्रों का भी वितरण किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह केंद्र ग्रामीण क्षेत्र में डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे आम नागरिकों को शासन द्वारा निर्धारित दरों पर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी और सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अटल ई-सेवा केंद्र ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान का मजबूत माध्यम बनेंगे। बताया गया कि अटल ई-सेवा केंद्र ग्राम पंचायत भवन, ई-पंचायत कक्ष अथवा अन्य शासकीय भवन में संचालित किए जाएंगे तथा इन केंद्रों का संचालन ग्राम पंचायत के विद्युत कनेक्शन से ही किया जाएगा। इससे पंचायत स्तर पर ही डिजिटल सेवाओं की सुलभता सुनिश्चित होगी और पारदर्शिता भी बढ़ेगी। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीएससी संचालकों एवं बंधुओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे अन्य संचालकों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत सीएससी एवं वीसा प्रोजेक्ट के माध्यम से ग्रामीणों को साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया। ग्रामीणों को विस्तार से समझाया गया कि किसी अनजान कॉल पर बैंक ओटीपी साझा नहीं करना चाहिए, डिजिटल अरेस्ट जैसे नए साइबर अपराध क्या होते हैं और उनसे कैसे बचा जा सकता है। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि वर्तमान समय में साइबर ठगी तेजी से ग्रामीण अंचलों तक फैल रही है, ऐसे में सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। जिला प्रबंधक सीएससी रवि शंकर मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएससी वीसा के सहयोग से गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट और अन्य साइबर खतरों से सुरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि अटल ई-सेवा केंद्र केवल सेवाओं का माध्यम नहीं, बल्कि डिजिटल सुरक्षा और जागरूकता का भी केंद्र बनेंगे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरई सेंगर के सरपंच सुरेंद्र सिंह, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक हर्ष सिंह, सीएससी अटल ई-सेवा केंद्र संचालक आनंद सिंह, बैंकिंग कंपनी प्रतिनिधि अतुल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।